>

Title: Need to review the diamond mining project in district Chhattarpur, Madhya Pradesh posing serious threat to environment in the region.

श्री जितेन्द्र सिंह बुन्देला (खजुराहो): मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में बक्सवाहा तहसील में एक विदेशी कम्पनी वन्डर प्रोजेक्ट के नाम से हीरा खनन का कार्य कर रही है, जिससे इस क्षेत्र को कोई विकास का लाभ नहीं मिल रहा है, इसके द्वारा हजारों फीट गहराई से खनन का कार्य किया जा रहा है। जिससे इस क्षेत्र के कई ग्रामों में जलस्तर काफी नीचे चला गया है एवं इस क्षेत्र में अकाल की स्थिति बनती जा रही है। साथ ही इस क्षेत्र के हजारों पेड़ निरंतर सूखते जा रहे हैं। इस क्षेत्र के ग्रामीणों को जानकारी भी नहीं है कि इस प्रोजेक्ट हेतु सरकार द्वारा कितने क्षेत्रफल (वन-राजस्व) में उत्खनन की स्वीकृति दी गई है।

दूसरी ओर एशिया की सबसे पहली हीरा खनन परियोजना केन्द्र सरकार की है, जिसे माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आदेश होने पर भी स्वीकृति नहीं दी जा रही है एवं वन विभाग द्वारा 21 बिन्दुओं की आपत्ति लगाई है। पन्ना जिला में यह परियोजना ग्रामीण का एकमात्र रोजगार का साधन वहां के ग्रामीणों को है एवं इस प्रोजेक्ट द्वारा कई सामाजिक एवं विकास कार्य किये गये है।

सरकार वंडर प्रोजेक्ट की पुनः गंभीरता से समीक्षा करे एवं जांच कमेटी गठित करें जिससे ग्रामीणों को अकाल से एवं वन क्षेत्र को नष्ट होने से बचाया जा सके।